# पाक के अल्पसंख्यकों के लिए भी बोलें हरभजन और युवराज, कनेरिया की अपील




डोनेशन की अपील

हरभजन और युवराज ने इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी की तारीफ करते हुए डोनेशन की अपील की थी जिसके बाद दोनों को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अफरीदी इन दिनों पाकिस्तान में कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ जंग में जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने भी हरभजन और युवराज से वीडियो के जरिए सपॉर्ट की अपील की थी।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन से फैले कोरोना वायरस के कारण पाकिस्तान में भी हालात काफी खराब हैं और ऐसी रिपोर्ट भी मिली हैं कि वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों के लिए सरकार कुछ खास कदम नहीं उठा रही है। ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह और ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह से एक वीडियो बनाने की अपील की है। 39 वर्षीय कनेरिया ने टीम इंडिया के सीनियर स्पिनर हरभजन और 2011 वर्ल्ड चैंपियन टीम के सदस्य रहे युवराज सिंह से अपील की है कि वे आगे आएं और एक वीडियो बनाकर पाकिस्तानी अल्पसंख्यकों का सपॉर्ट करें। कराची में जन्में कनेरिया ने लिखा, मैं युवराज सिंह और हरभजन सिंह से आग्रह करता हूं कि वे पाकिस्तान में रह रहे अल्पसंख्यकों के लिए भी एक वीडियो बनाएं। कोरोना वायरस के कारण इस मुश्किल समय में उन्हें आपकी जरूरत है। उन्होंने साथ ही हरभजन और युवराज को टैग भी किया। इसके अलावा डोनेशन के लिए लिंक भी शेयर किया।

# पीएम ने कोरोना को लेकर खेल से जुड़े 40 दिग्गजों से की बात

## खेल हस्तियों से पांच संदेश लोगों तक पहुंचाने को कहा

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना वायरस के खिलाफ जंग जीतने के लिए देश के लिए हर कदम उठा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार की दोपहर को पीएम मोदी ने देश के 40 बड़े खेल दिग्गजों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करने का मन बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड 19 स्थिति पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न खेलों के 40 शीर्ष खिलाड़ियों के साथ बैठक की।



पीएम मोदी ने टॉप 40 खिलाड़ियों से शुक्रवार की दोपहर करीब सवा 11 बजे से पौने 12 बजे तक बात की। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधू, पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और स्प्रिंटर हिमा दास जैसे 40 बड़े खिलाड़ियों से बात की।

**5 की खिलाड़ियों से बड़ी अपील**

संकट की इस घड़ी में खिलाड़ियों से पीएम मोदी ने सकारात्मकउर्जा लोगों तक पहंचाने में मदद करने का भी आग्रह किया। पीएम मोदी शुक्रवार को देश के चुनिंदा खेल हस्तियों से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग की मदद से बात कर रहे थे। इससे पहले वह समाज की अलग–अलग हस्तियों से भी पीएम मोदी संवाद कर चुके हैं।

**5 संदेश पहुंचाने का किया आग्रह**

पीएम मोदी ने खेल हस्तियों से पांच संदेश लोगों तक पहुंचाने को कहा, उनमें पहला संकल्प–महामारी से लड़ने का, दूसरा संयम के साथ सोशल डिस्टेंस का पालन करने का, तीसरा सकारात्मकता यानी लोगों में पॉजिटिविटी डालना, चौथा कोरोना से लड़ने वाले सभी वीरों का सम्मान करना और पांचवां हर कोई व्यक्तिगत स्तर पर लड़ाई में साथ में और पीएम केयर्स फंड में मदद दें।

कोरोना वायरस के संकट से देश को निकालने के लिए 21 दिन के लॉकडाउन का ऐलान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार की सुबह 9 बजे वीडियो संदेश के जरिए देश की जनता को 15 दिन में तीसरी बार संबोधित किया। पीएम मोदी ने देश को लोगों की सराहना की, क्योंकि उन्होंने लॉकडाउन करने में मदद की।

वहीं, पीएम मोदी ने इस संदेश में ये भी बात कही कि 5 अप्रैल को रविवार की रात 9 बजे 9 मिनट तक अपने घर की सभी लाइट बंद कर दें और फिर दरवाजे या फिर बालकनी में दिया, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाएं।

# कोच रवि शास्त्री और हरभजन ने मोदी की अपील का किया सपॉर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच रवि शास्त्री और ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने देशवासियों से कोरोना वायरस पर जंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देने की अपील की है। उन्होंने लोगों से अपील की वह मोदी कोरोना के अंधकार के प्रति भारत की एकता और प्रकाश की शक्ति का प्रदर्शन करें।

शुक्रवार सुबह पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील की वह रविवार रात नौ बजे अपने घर की सभी लाइटें बंद करके 9 मिनट के लिए हाथों में दीये, मोमबत्ती या मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर अपने घरों के दरवाजों या बालकनी में खड़े होकर कोरोनावायरस के खिलाफ



भारत की जंग में एकजुटता दिखाने के लिए खड़े हों।

शास्त्री ने ट्वीट किया, एकजुटता दिखाने के लिए 130 करोड़ लोगों से मेरी अपील है कि एक दीया, एक मोमबत्ती, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैश लाइट 5 अप्रैल रात नौ बजे नौ मिनट के लिए जलाकर एकजुटता दिखाएं। कोविड–19 से लड़ने के लिए नई ऊर्जा का निर्माण करें। प्रधानमंत्री ने हालांकि लोगों को चेतावनी दी कि वे इस दौरान जमा न हों और सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन करें। उन्होंने कहा, हमें सोशल डिस्टिंग की लक्ष्मण रेखा का पालन जरूर करना है। यह कोरोना की चेन को तोड़ने का एकमात्र विकल्प है।

हरभजन ने ट्वीट किया, हर इनसान को अपने हिस्से की जिम्मेदारी घर पर रहकर निभानी है। हमें अपने टीम लीडर नरेंद्र मोदी पर गर्व है। हमें अभी घर पर ही रहना है और सुरक्षित रहना है। पांच अप्रैल को रात नौ बजे नौ मिनट के लिए मोमबत्ती, दीया, टॉर्च, मोबाइल की फ्लेश लाइट जलाएं लेकिन घर से ही। गलियों में न निकलें प्लीज। भारत में फिलहाल 21 दिन का राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन चल रहा है। ऐसा कोरोनावायरस की चेन को तोड़ने के लिए किया जा रहा है।

## रोहित शर्मा की बेटी ने कॉपी किया बुमराह का बोलिंग ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। चीन से फैले घातक कोरोना वायरस के प्रकोप से बचाव के कारण पूरे देश में लॉकडाउन घोषित है और ऐसे में क्रिकेटर एक दूसरे से वीडियो चौट कर रहे हैं। सीमित ओवरों में भारतीय टीम के उप–कप्तान रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह के ऐसे ही वीडियो चौट की एक क्लिप मुंबई इंडियंस के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से शेयर की गई है। इसमें रोहित की बेटी समायरा हंसते हुए बुमराह के बोलिंग ऐक्शन को कॉपी करती नजर आ रही हैं।

आईपीएल में रोहित की कप्तानी वाली टीम मुंबई इंडियंस से ही बुमराह भी खेलते हैं। दोनों टीम इंडिया में भी साथी क्रिकेटर हैं। रोहित और बुमराह ने एक वीडियो चौट किया जिसका एक छोटा सा क्लिप इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। वीडियो में रोहित अपनी एक साल की बेटी को बुलाते हैं जो उनकी पत्नी रितिका की गोद में होती हैं। वह कहते हैं, अगर किसी के ऐक्शन की नकल समायरा ने की है तो वह बुमराह हैं। इसी बीच रितिका जब समायरा से बॉल कहती हैं तो वह गेंदबाजी ऐक्शन में हाथ घुमाती हैं और मुस्कुराने लगती हैं।

## न्यूज डायरी



### भारत से लौटे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के परीक्षण नेगेटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। भारत के एकदिवसीय दौरा बीच में रद्द होने के बाद स्वदेश लौटने वाले सभी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटरों में कोरोना वायरस का कोई लक्षण नहीं पाया और इनमें से जिनका परीक्षण किया गया वह भी नेगेटिव रहा। टीम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. शुएब मांजरा ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीकी टीम 18 मार्च को स्वदेश लौट गई थी और इसके बाद उन्हें क्वारनटीन में रहने के लिए कहा गया था। उन्होंने गुरुवार को यह अवधि पूरी कर दी लेकिन वे अपने अन्य देशवासियों की तरह अगले दो सप्ताह तक लॉकडाउन में रहेंगे। मांजरा ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, 'किसी भी खिलाड़ी में कोई लक्षण नहीं पाया गया और जिन खिलाड़ियों ने परीक्षण करवाया था उसका परिणाम भी 'नेगेटिव' आया।' भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 12 मार्च को धर्मशाला में पहला वनडे बारिश से धुल गया था जबकि लखनऊ और कोलकाता में होने वाले अगले दोनो मैच कोविड–19 महामारी के चलते रद्द कर दिए गए थे।

### नीलामी में 15.5 करोड़ में बिके पैट कमिंस की आईपीएल को लेकर अब भी उम्मीद बरकरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) के सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने इस प्रतिष्ठित टी20 लीग के आयोजन को लेकर उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने साथ ही स्वीकार किया कि कोविड–19 के कारण लॉकडाउन से टूर्नामेंट के इस महीने शुरू होने की संभावना कम है। कमिंस को कोलकाता नाइटराइडर्स ने इस साल के शुरू में हुई नीलामी में 15.50 करोड़ रुपये की मोटी धनराशि देकर खरीदा था। वह आईपीएल में सबसे बड़ी कीमत पर बिकने वाले विदेशी खिलाड़ी बने थे और वह अब भी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर आशान्वित हैं। 26 साल के कमिंस ने कहा, 'आईपीएल अभी रद्द नहीं किया गया है या इस तरह का कोई फैसला आयोजकों ने नहीं किया है। उसकी स्थिति अभी जस की तस है। हम लगातार अपनी टीमों के संपर्क में हैं। निश्चित तौर पर अब भी हर कोई चाहता है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन हो, लेकिन सभी जानते हैं कि अभी प्राथमिकता कोरोना वायरस को फैलने से बचाना है।'

### घोड़ों के लिए जर्मनी में ही रह गए घुड़सवार फवाद मिर्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जब पूरी दुनिया में बसे भारतीय और ऐथलीट कोरोना वायरस के डर से स्वदेश लौट रहे थे, तब एशियन गेम्स के मेडलिस्ट घुड़सवार फवाद मिर्जा ने जर्मनी में ठहरने का फैसला लिया। ओलिंपिक्स के लिए क्वॉलिफाइ कर चुके 28 साल के फवाद पिछले कुछ दिनों से जर्मनी के एक सीमवर्ती शहर बेर्गेडॉफ में हैं। फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने बताया, 'मैं भारत नहीं लौट सकता था। मैं अकेला नहीं हूं। मेरे साथ पांच घोड़े भी हैं, जिनके साथ मैं ट्रेनिंग करता हूं। मैं इन्हें नहीं छोड़ सकता। अगर मैं नहीं रहूंगा तो इनकी देखभाल कौन करेगा। हमें अपने घोड़ों की देखभाल करनी पड़ती है। उन्हें हमारी जरूरत है।' फवाद ने बताया कि वह जहां हैं वह इलाका शहर से दूर है और वहां की जनसंख्या भी ज्यादा नहीं है।

### तोक्यो ओलिंपिक पर समर्थन के लिए आईओसी प्रमुख बाक ने मोदी का आभार व्यक्त किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाने। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तोक्यो 2020 ओलिंपिक के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। कोरोना वायरस महामारी के कारण इन खेलों का आयोजन अब 2021 में होगा। मोदी को एक अप्रैल को भेजे गए पत्र में बाक ने कहा कि हाल में जी20 नेताओं के सम्मेलन के दौरान तोक्यो ओलिंपिक का समर्थन करने के लिए वह भारतीय प्रधानमंत्री के आभारी हैं। कोविड–19 महामारी के कारण यह सम्मेलन वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए हुआ था। बाक ने अपने पत्र में लिखा, 'कोविड–19 वायरस को रोकने में योगदान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति की सराहना करते हुए जी20 नेताओं के सम्मेलन में व्यक्त तोक्यो ओलिंपिक खेल 2020 को दिए गए आपके समर्थन के लिए मेरा तहेदिल से आभार स्वीकार करें।'